पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल को धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भेंट की

लखनऊः 11 अप्रैल, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक से आज राजभवन में राज्य विधान परिषद के सभापति श्री रमेश यादव ने मिलकर राज्यपाल के अभिभाषण पर विधान परिषद में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भेंट की। इस अवसर पर राज्यपाल की प्रमुख सचिव सुश्री जूथिका पाटणकर तथा राज्य विधान परिषद के प्रमुख सचिव श्री मोहन यादव भी उपस्थित थे।

ज्ञातव्य है कि राज्यपाल ने 29 जनवरी 2016 को दोनों सदनों की संयुक्त बैठक को संबोधित किया था। 9 फरवरी, 2016 को राज्यपाल के अभिभाषण पर विधान परिषद में चर्चा हुई तथा 12 फरवरी, 2016 को विधान परिषद में धन्यवाद प्रस्ताव पारित किया गया।

उल्लेखनीय है कि विधान सभा अध्यक्ष श्री माता प्रसाद पाण्डेय ने भी आज विधान सभा में पारित धन्यवाद प्रस्ताव की प्रति भ्ेंट करने हेतु राज्यपाल से समय लिया था। विधान सभा अध्यक्ष ने फोन पर सूचित किया कि अपरिहार्य कारणों से लखनऊ के बाहर होने के कारण उनका आ पाना संभव नहीं है।

अंजुम/ललित/राजभवन (145/21)